आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में कल मुख्य सचिव ने विभागीय कर्मचारियों से अधिकतम कार्य हिंदी में करने की अपील की।
- कृषि विभाग की ओर से द्वीपसमूह में 'उर्वरकों के संतुलित उपयोग' पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
- दक्षिण अंडमान जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान – 100 दिवसीय अभियान के तहत रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।
- उद्योग निदेशालय ने शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किया है।

<><><><><><><>

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 94वीं बैठक कल सचिवालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने की। मुख्य सचिव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजभाषा नियम 1976 के अनुसार, अंडमान निकोबार द्वीप समूह क्षेत्र 'क' के अंतर्गत आता है। राजभाषा नीति के अनुसार, क्षेत्र 'क' में कार्यरत सभी केंद्र सरकार के कार्यालयों के लिए अपना अधिकांश आधिकारिक कार्य हिंदी में करना अनिवार्य है। उन्होंने प्रतिभागियों से राजभाषा नीति का पालन करने और अधिकतम कार्य हिंदी में करने की अपील की। भारत सरकार द्वारा विकसित 'भारती' और 'भाषिणी' जैसे आधुनिक सॉफ्टवेयरों ने हिंदी में कार्य करना अब और भी आसान बना दिया है। उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों से अपने कर्मचारियों के लिए नियमित कार्यशालाएं आयोजित करने को कहा। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में राजभाषा नीति के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने और भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान राजभाषा सचिव ऋचा ने समिति की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।

<><><><><><><>

कृषि विभाग, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के सहयोग से द्वीपसमूह में 'उर्वरकों के संतुलित उपयोग' पर विशेष जागरूकता अभियान चला रहा है। यह अभियान 4 मई तक जारी रहेगा। कार्यक्रमों के दौरान किसानों को मिट्टी परीक्षण, पोषक तत्वों का सही संतुलन, नाइट्रोजन का विभाजन, नीम कोटेड यूरिया, जैविक खाद के उपयोग और विभिन्न सरकारी योजनाओं पर जानकारी दी जा रही है। इस पहल से न केवल फसल की पैदावार बढ़ेगी, बल्कि इनपुट लागत कम होने से किसानों की आय में भी सुधार होगा।

<><><><><><>

विद्युत विभाग ने मध्योत्तर अंडमान के रंगत बे पावर हाउस के खराब हुए जनरेटर सेटों की मरम्मत कर ली है और वे अब पूरी तरह से कार्य करने के लिए तैयार हैं। बाराटांग पावर हाउस में एक नया 500 kVA का जनरेटर सेट स्थापित किया गया है, जिसका वर्तमान में परीक्षण चल रहा है। जनरेटर सेटों की बहाली और बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ ही तत्काल प्रभाव से कोई बिजली कटौती नहीं की जाएगी।

<><><><><><>

युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से 45–दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल कोचिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 6 से 20 जून तक नेताजी खेल परिसर में चलेगा। इसमें 9 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं। शिविर में फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, साइकिलिंग, शतरंज, बैडमिंटन, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस जैसे खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पंजीकरण फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ आज से 4 मई तक सुबह दस बजे से शाम चार बजे के बीच नेताजी स्टेडियम से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान – 100 दिवसीय अभियान के तहत एक रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक लोग टीबी का शीघ्र निदान, उपचार, समय पर जाँच, इलाज का महत्व, सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी, खाँसते या छींकते समय बरती जाने वाली सावधानियाँ, टीबी से जुड़े भ्रम और सामाजिक भेदभाव को दूर करना, निक्षय मित्र सहायता जैसे विषयों पर रील बना सकते हैं। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 मई है।

रील 11 से 30 मई तक जमा किए जा सकते हैं। विजेताओं को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विस्तृत नियमों व दिशा–निर्देशों के लिए क्यू आर कोड स्कैन किया जा सकता है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय की ओर से शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उद्योग निदेशालय, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न केंद्रों पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। श्री विजयपुरम, डिगलीपुर, लिटिल अंडमान और कार निकोबार स्थित प्रशिक्षण केन्द्रों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें 15 से 45 वर्षीय 10वीं कक्षा पास उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। उन्हें द्वीपसमूह निवासी होना चाहिए। पात्र प्रशिक्षार्थियों को 1,000 रूपये प्रति माह वजीफ़ा प्रदान किया जाएगा। आवेदन फार्म 11 मई, से जारी किए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून, है। आवेदन फार्म उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण सेल और डिगलीपुर, हट बे एवं कार निकोबार के विस्तार कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, मायाबंदर की अदालत ने हत्या के एक आरोपी को कल आईपीसी की धारा 302 के तहत आजीवन कठोर कारावास और जुर्माना तथा आईपीसी की धारा 326 के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। यह मामला 28 सितंबर 2022 को तुगापुर–8 की है। आरोपी ने एक धारदार हथियार से अपने ही परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला किया था। शिकायत मिलने के बाद, मायाबंदर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक उस्मान अली के नेतृत्व में की गई।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और केंद्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन के समन्वय से हाल ही में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय था ”मलेरिया को समाप्त करने का संकल्पः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा”। द्वीप समूह में इस दिवस पर विशेष रेडियो वार्ता का प्रसारण किया गया, जिसमें उप निदेशक, मलेरिया डॉ. बी. अजीत कुमार ने मलेरिया के प्रभाव, इसके लक्षणों और बचाव व नियंत्रण के प्रमुख उपायों पर जानकारी दी। तीनों जिलों के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से जागरूकता गतिविधियों के आयोजन किए गए।

पोर्ट मोट स्थित आईआरबीएन सुरक्षाकर्मियों के लिए जिला मलेरिया अधिकारी और सहायक मलेरिया अधिकारी द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आयुष शाखा और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसायटी की ओर से 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सीएचओ, आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को योग के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे समुदाय में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दे सकें। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक, डॉ. एच.एम. सिद्धराजू ने आयुष विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए निवारक स्वास्थ्य देखभाल और समग्र कल्याण के लिए योग के महत्व पर जोर दिया। आयुष की योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रभारी डॉ. नंदिनी और योग थेरेपिस्ट व प्रशिक्षकों की टीम ने तकनीकी सत्रों का संचालन किया। कार्यक्रम में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम आज पालतू जानवरों की देखभाल और पशु चिकित्सा सेवाओं पर विशेष लाइव कार्यक्रम का प्रसारण करेगा। 'पेट टॉक – बियॉन्ड द बॉन्ड' कार्यक्रम के तहत हमारे द्वीपों में पशु चिकित्सा सेवाएं विषय पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागनाथ मार्तंड भोजने स्टुडियों में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम शाम साढ़े पांच बजे से प्रसारित होगा।

<><><><><><><>